UPBN010046442016

**न्यायालयः अपर सत्र न्यायाधीश, न्यायालय सं० 1, बदायूँ**

**Criminal Misc. Cases/00003/2016**

सरकार बनाम लक्ष्मी नरायन आदि

धारा ४४६ दं०प्र०सं०

थाना गुन्नौर

३०.०६.२०२६

पत्रावली पेश हुई। पुकार कराई गयी। कोई उपस्थित नहीं है।

पत्रावली के अवलोकन से विदित होता है कि प्रस्तुत प्रकरण में अभियुक्त पीताम्बर की जमानत जामिनदार लक्ष्मीनारायन एवं रामदयाल पुत्रगण चेतराम द्वारा ली गयी है, अभियुक्त के विचारण में अनुपस्थित होने पर जामिनदारों के विरूद्ध प्रस्तुत वाद अन्तर्गत धारा ४४६ दं०प्र०सं० संस्थित हुआ है। न्यायालय द्वारा जारी आदेशिकाओं पर जामिनदार लक्ष्मीनारायन एवं रामदयाल के संबंध में आख्या प्राप्त हुई है कि उनकी मृत्यु हो चुकी है। ग्राम प्रधान की आख्या संलग्न है। चूंकि दोनों जामिनदारों की मृत्यु हो चुकी है, जमानत वर्ष २०१० में ली गयी है तथा प्रस्तुत वाद वर्ष २०१६ में संस्थित हुआ है। मामला अत्यन्त पुराना है। ऐसी दशा में इस वाद को लंबित रखना न्यायोचित नहीं है।

तदनुसार प्रस्तुत प्रकीर्ण वाद की कार्यवाही समाप्त की जाती है।

पत्रावली नियमानुसार दाखिल अभिलेखागार हो।

**(कु० रिंकू)**
J.O. Code-UP 6101
अपर सत्र न्यायाधीश
न्यायालय सं० 1 बदायूँ

Digitally signed by Rinku Jindal
Date: 2026.06.30 16:27:17 IST
Reason: Document Owner
Location: District and Sessions Court